RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शुक्रवार, 20 जनवरी 2023 वर्ष 04 अंक 237 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## ठाणे में 90,000 के कीमत से ज्यादा मोबाइल फोन की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**ठाणे :** मोबाइल चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। खासतौर पर प्लेटफार्म और ट्रेनों के अंदर। चोर इतनी सफाई से दिन दहाड़े मोबाइल पर हांथ इस तरह से साफ कर रहे हैं कि इस बात की किसी को भी कानों कान भनक तक नहीं लगती। ऐसी ही एक चौकां देने वाली घटना महाराष्ट्र के ठाणे से सामने आई है। जहां पर जिले में पुलिस ने मोबाइल फोन चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से चोरी के आठ मोबाइल फोन जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, कल्याण रेलवे पुलिस को मोबाइल फोन चोरी होने की कई शिकायतें मिली थीं। रेलवे पुलिस ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि मंगलवार को एक गश्ती दल ने 22 साल और 30 साल की उम्र के दो व्यक्तियों को पकड़ा। वे दोनों तब कल्याण स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म पर घूम रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 90,000 रुपये से अधिक मूल्य के आठ मोबाइल जब्त किए।

# मोदी के दौरे से शिवसेना का दर्द आया सामने...

### कहा- 'आप हमारे पालक हैं लेकिन न्यौता नहीं दिया'





**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जनवरी को मुंबई दौरे पर हैं. पीएम मोदी महाराष्ट्र में 38 हजार करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने वाले हैं, लेकिन उनकी ये यात्रा महाराष्ट्र की सत्ता से बेदखल हुए शिवसेना (उद्धव गुट) को रास नहीं आ रही है. शिवसेना (उद्धव गुट) कभी शिवसेना की टूट के बाद अलग होकर बीजेपी के सहयोग से मुख्यमंत्री बने एक नाथ शिंदे पर हमला कर रही है तो कभी प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से जोड़कर बयान दे रही है. शिवसेना के मुखपत्र सामना में सीएम शिंदे को मेढक बताने के बाद शिवसेना ने पीएम मोदी की यात्रा पर तंज कसा है. मोदी के मुंबई दौरे से पहले शिवसेना ( उद्धव बालासाहेब ठाकरे ) के मुखपत्र सामना में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मेढक बताकर आलोचना की गई है. सामना में यह भी कहा गया है कि जैसे एक मगरमच्छ मेढक को निगल जाता है उसी तरह मगरमच्छ बीजेपी शिव सेना (शिंदे गुट) को निगल गई है. महाराष्ट्र में शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार मुंबई दौरे पर हैं और बीजेपी के साथ सरकार बना चुकी शिवसेना (शिंदे गुट) ने पीएम मोदी के दौरे को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है. शिवसेना उद्धव गुट ने विकास योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के कार्यक्रमों की आलोचना करते हुए कहा है कि जिन कार्यों का पीएम मोदी उद्घाटन करने जा रहे हैं उनमें अधिकतर की शुरूआत तब हुई थी जब मुंबई महानगरपालिका में शिवसेना सत्ता में थी.

### शिव सेना (उद्धव) गुट के प्रवक्ता ने जारी किया बयान

**शिव सेना (उद्धव) गुट के प्रवक्ता आनंद दुबे ने एक बयान जारी कर तंज किया है. उन्होंने कहा है- 'प्रिय प्रधानमंत्रीजी आप आज मुंबई आ रहे हैं, आप का स्वागत है. आप मुंबई के विकास के कार्यों का उद्घाटन करेंगे, आपके और आपके सहयोगियों के बड़े-बड़े पोस्टर लगे हैं, क्या चुनाव जल्दी आने वाले हैं? यह सब काम रातोंरात नहीं हुए हैं. इन सभी कामों में पूर्व मुख्यमंत्रीजी का भी योगदान रहा है, लेकिन आपने उन्हें न्यौता नहीं दिया. आप हमारे पालक हैं. आप सभी देशवासियों के प्रधानमंत्री हैं, केवल भाजपा के नहीं.**

# ठाणे रेलवे पुलिस ने महज पांच घंटे में दो अपराधियों को किया गिरफ्तार, दर्जनों मामले दर्ज



**ठाणे :** ठाणे रेलवे पुलिस की हद में 5 आपराधिक मामले दर्ज कराए गए थे। जिसमें महिलाओं के आभूषण पर हाथ सफाई करने के साथ ही मोबाइल चोरी के मामले भी शामिल थे। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए रेलवे पुलिस ने 5 घंटे के भीतर ही दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर अन्य कई आपराधिक मामलों का भी भंडाफोड़ किया। ऐसी जानकारी देते हुए ठाणे रेलवे पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंढरी कादे ने बताया कि पुलिस पूरी तत्परता के साथ अपराधों पर रोक लगाने के लिए काम कर रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कादे के अनुसार इस समय अपराधियों के लिए सीसीटीवी फुटेज जहां सिरदर्द साबित हो रहा है तो वही यह रेलवे पुलिस के लिए काफी कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के गहन अध्ययन के बाद उन्हें आरोपियों के संदर्भ में सुराग हाथ लगे और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में उस्मान सलिम शेख (51), यासीन इस्माइल चौधरी (50) दोनों मुंब्रा निवासी है। इन अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। अपराधियों ने बताया कि वे पांच विभिन्न अपराधों को अंजाम दे चुके हैं। रेलवे पुलिस ने पांचो आपराधिक मामलों से जुड़े एक लाख 22 हजार 866 रुपये का माल भी बरामद किया। बरामद माल में 5 मोबाइल फोन, एक सोने का चेन और अंगूठी आदि का भी समवेश है। गिरफ्तार आरोपी उस्मान सलिम शेख पर ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन में नो आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मस्टर रोल पर हाजिरी लगाकर ड्यूटी से 'गायब', भिवंडी महानगरपालिका के 16 सफाई कर्मचारी निलंबित...

**भिवंडी :** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका में सफाई कर्मचारी द्वारा ड्यूटी रजिस्टर पर हाजिरी लगाने के बाद काम से गायब रहने का सिलसिला बहुत पुराना है। कर्मचारियों की लापरवाही और गैर हाजिरी में संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत रहती हैं। साफ-सफाई कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी से गायब रहने और कार्य में लापरवाही करने के संदर्भ में कई बार नागरिकों द्वारा शिकायत करने पर भी महानगरपालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से भिवंडी शहर की साफ-सफाई पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के प्रभाग समिति क्रमांक-3 के अंर्तगत वार्ड क्रमांक 17 अ,ब,क,ड के कुल 16 सफाई कर्मचारी काम पर हाजिरी लगाकर काम स्थल से नदारद मिलने पर महानगरपालिका मुख्यालय उपायुक्त दीपक पुजारी ने निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन की कार्रवाई से जहां सफाई कर्मचारियों में हड़कप मचा हुआ है.



### मस्टर में 'इन', काम पर से गायब

मिली जानकारी के अनुसार, महानगरपालिका कमिश्नर विजय म्हसाल के निर्देश पर सार्वजनिक आरोग्य विभाग सहायक आयुक्त प्रीति गाडे ने सुबह सफाई कर्मचारियों की हाजिरी निरीक्षण करने के लिए वार्ड क्रमांक-17 के केबिन का दौरा किया, जहां पर मस्टर रजिस्टर में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज होने के बावजूद 16 कर्मचारी गैर हाजिर मिले।

### इन कर्मचारियों पर गिरी गाज

गैर हाजिरी को तत्काल संज्ञान में लेते हुए महानगरपालिका कमिश्नर और प्रशासक विजय कुमार म्हसाल और अतिरिक्त आयुक्त ओमप्रकाश दिवटे के निर्देशानुसार उपायुक्त मुख्यालय दीपक पुजारी ने महेन्द्र केशव धनगर, प्रज्ञा अमर सिंह चव्हाण, जयश्री गोपाल मचर्डे, सुजय सदानंद गायकवाड़, राजेश सुरेश जाधव, शीतल राजेश सकपाल, मोहम्मद उज्जेन मोहम्मद युनुस मोमिन, सोनाली राजेश सकपाल, विजया जानू चव्हाण, अनिता संतोष घाडगे, अभिषेक मधुकर भोईर, प्रवीण गोपाल धनगर, सुष्मा प्रभाकर भोईर, सागर आत्माराम जाधव, सुरेन्द्र हरिश्चंद्र तांबे और सुनिल कृष्णा जाधव को निलंबित कर दिया है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार, 20 जनवरी 2023



## संपादकीय / लेख



# कूटनीतिक कौशल

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया जाना पाकिस्तान के साथ चीन के मुंह पर भी एक तमाचा है। पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों का बचाव करने वाले चीन ने भले ही यह स्पष्ट न किया हो कि उसने किस कारण अब्दुल रहमान मक्की को प्रतिबंधित करने के मामले में अपनी आपत्ति वापस ले ली, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि सुरक्षा परिषद के शेष सदस्यों के एकजुट होने के बाद उसके पास और कोई उपाय नहीं रह गया था। वह यदि अपनी आपत्ति वापस नहीं लेता तो विश्व समुदाय के बीच उसकी फजीहत होती और साथ ही एक ऐसे देश के रूप में उसकी छवि नए सिरे से बनती, जो पाकिस्तानी आतंकियों की ढाल बनना पसंद करता है।

भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाला अब्दुल रहमान मक्की लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद का बहनोई है, जिसे सुरक्षा परिषद पहले ही प्रतिबंधित कर चुकी है। चीन ने मक्की की तरह उसका भी बचाव किया था, लेकिन अंततः उसे मुंह की खानी पड़ी थी। चीन पाकिस्तानी आतंकियों का बचाव केवल पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय किरकिरी से बचाने के लिए ही नहीं करता, बल्कि भारत से बैर भाव के चलते भी करता है। यह बात और है कि इस कोशिश में वह अपनी जगहंसाई ही कराता है। निःसंदेह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित किया जाना भारत की कूटनीतिक मोर्चे पर एक बड़ी सफलता है। यह यही बताती है कि भारत पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के खिलाफ भी अंतरराष्ट्रीय जनमत खड़ा करने में सक्षम है। उसे अपने इस कूटनीतिक कौशल का उपयोग पाकिस्तान पर और अधिक अंतरराष्ट्रीय दबाव डालने में करना चाहिए। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव पर नरमी दिखाने की कोई आवश्यकता नहीं कि वह भारत से बातचीत करना चाहते हैं। वैसे उन्होंने यह कहकर इसकी संभावना स्वयं ही खत्म कर दी कि बातचीत से पहले जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली आवश्यक है। भारत को दो टूक कहना चाहिए कि ऐसा कभी नहीं होने वाला। पाकिस्तान से बातचीत करने से इसलिए भी बचा जाना चाहिए, क्योंकि कंगाली की हालत में पहुंच जाने के बाद भी वह आतंकवाद को संरक्षण दे रहा है और इसी कारण भारत में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों की घुसपैठ थमने का नाम नहीं ले रही है। भारत को पाकिस्तान के साथ चीन पर भी दबाव बनाए रखने के साथ आतंकवाद के मामले में उसके दोहरे मानदंडों को उजागर करते रहना चाहिए, क्योंकि उसने चार और पाकिस्तानी आतंकियों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की काली सूची से बचाने के लिए अड़ंगा लगा रखा है। इनमें एक 26-11 हमले की साजिश रचने वाला आतंकी भी है, जिसके बारे में पाकिस्तान ने यह झूठ बोला था कि वह मर चुका है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एमबीबीएस परीक्षार्थी से 21 लाख की ठगी !

### तीन लोगों पर मामला दर्ज...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि तीनों ने मेडिकल की एक छात्रा से कथित रूप से 21 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़िता के पिता जो एक वेल्डर हैं, ने बुधवार को कपूरबावड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई।

एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 95 फीसद अंकों के साथ कक्षा 12 की परीक्षा पास की है। उसकी एमबीबीएस कोर्स करने की ख्वाहिश है। वह एक करिअर कंसल्टेंसी सर्विसेज फर्म के संपर्क में आई, जिसका कार्यालय यहां कपूरबावड़ी में था। पीड़िता ने फर्म से संपर्क किया। तब उसके संचालक ने उसके प्रवेश की व्यवस्था करने का वादा किया। उसके लिए उसने कुछ फीस बताई।



### एकमुश्त रकम की मांग की गई...

अधिकारी ने बताया कि संचालक ने आश्वासन दिया कि उसे बेंगलुरु स्थित एक चिकित्सा संस्थान में प्रवेश मिलेगा। उस वादे पर उन्होंने कई बार उससे 21,41,800 रुपये की सामूहिक राशि के साथ पैसे की मांग की। उन्होंने बताया कि उसने पीड़िता और उसके माता-पिता को बेंगलुरु आने के लिए कहा और उन्हें पिछले महीने चिकित्सा संस्थान ले गया। वहां उसने उन्हें एक प्रवेश पत्र भी सौंपा।

**मेडिकल कॉलेज में पुछताछ करने पर हुआ ठगी का खुलासा**

अधिकारी ने कहा कि पत्र मिलने के बाद, पीड़िता और उसका परिवार ठाणे लौट आए। 15 दिसंबर को, उनके एक परिचित ने परिवार को बताया कि कुछ एमबीबीएस उम्मीदवारों को प्रवेश के झूठे वादे पर तीन लोगों द्वारा ठगा गया था। पीड़िता ने इस बारे में पूछताछ की। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने उन्हें सूचित किया कि संस्थान द्वारा ऐसा कोई प्रवेश पत्र जारी नहीं किया गया था। इसके बाद पीड़ित परिवार ने जब आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने पाया कि उनके फोन स्विच ऑफ थे। उन लोगों ने अपना कार्यालय भी बंद कर रखा था।

पुलिस ने कहा कि परिवार के सदस्यों को तब एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है, जिसके बाद पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराई। तीनों आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 465 (जालसाजी) और अन्य के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# महाराष्ट्र में घमासान

## कांग्रेस ने निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले सत्यजीत को निलंबित किया


**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में होने वाले एमएलसी चुनाव से पहले कांग्रेस में आपस में ही तनातनी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने पार्टी से बगावत करने वाले सत्यजीत तांबे को गुरुवार को निलंबित कर दिया। तांबे ने विधान परिषद चुनाव के लिए नासिक संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया था। पार्टी ने तांबे को छह साल के लिए निलंबित कर दिया। यह जानकारी महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव देवानंद पवार द्वारा सत्यजीत तांबे को लिखे एक पत्र से सामने आई। पत्र में कहा गया, 'आपने महाराष्ट्र विधान परिषद के नासिक डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनावों में बगावत की है। यह पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन है। प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के आदेश के अनुसार, आपको छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है।' इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को कहा था कि कांग्रेस निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले सत्यजीत तांबे को निलंबित करेगी। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पटोले ने एमवीए के पांच उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा की। इन्हें महा विकास अघाड़ी के शामिल कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना (उद्धव गट) समर्थन करेंगे। कांग्रेस ने रविवार को सत्यजीत तांबे के पिता और तीन बार के एमएलसी सुधीर तांबे को निलंबित कर दिया था। दरअसल, इन्होंने चुनाव के लिए खुद नामांकन दाखिल नहीं किया था बल्कि अपने बेटे को निर्दलीय के रूप में मैदान में उतार दिया था।



**मतदान 30 जनवरी को होगा**

विधान परिषद के पांच सदस्यों का कार्यकाल सात फरवरी को समाप्त हो रहा है। इनमें दो स्नातक और तीन शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्र हैं। उच्च सदन के नए सदस्यों का चुनाव करने के लिए मतदान 30 जनवरी को होगा और मतगणना दो फरवरी को होगी।

# बिजली के खंभे से चिपक गया 10 साल का मासूम, हुई दर्दनाक मौत!



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के धुले जिले में एक दर्दनाक घटना का मामला सामने आया है। राज्य के धुले जिले में एक बच्चे की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, जिले में एक बिजली के खंभे में अचानक करंट के आने से एक 10 साल का बच्चा खंभे से चिपक गया। थोड़ी देर तक खंभे से लगातार चिपकने की वजह से मासूम की मौत हो गई। ये पूरी दर्दनाक घटना उउळश में कैद हो गई।

**खंभे के आस-पास और भी लोग थे मौजूद**

सीसीटीवी में कैद हुई वीडियो में दिख रहा है कि एक बच्चा एक खंभे के पास बैठा था, फिर वह उठता है और पास ही में बैठे और लोगों के पास जाता है। लेकिन वापस आते टाइम वह खंभे के पास से गुजरते हुए उससे टच हो जाता है और वह वहीं उसी खंभे से चिपक जाता है। थोड़ी देर तक चिपके रहने के बाद मासूम बच्चे की मौत हो जाती है। ये हादसा देखकर आस-पास बैठे सभी लोग सतर्क हो जाते है और समय रहते वहां से हट जाते हैं। जिससे उनकी जान बच जाती है।

**कड़ी कार्रवाई की मांग**

हादसे के बाद बच्चे को पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डाक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। स्थानीय लोगों ने महावितरण बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि यह घटना बुधवार रात 9 बजे की है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार, 20 जनवरी 2023





# पालघर में जिम में एक्सरसाइज के दौरान अचानक जमीन पर गिरा बुजुर्ग, हुई मौत



**पालघरः** महाराष्ट्र के पालघर में एक 67 वर्षीय व्यक्ति की जिम में एक्सरसाइज करते हुए मृत्यु हो गई. पुलिस ने बताया कि पालघर जिले के वसई कस्बे में बुधवार को जिम में व्यक्ति की मौत हुई. उन्होंने बताया कि प्रह्लाद निकम शाम करीब साढ़े सात बजे जिम में नियमित व्यायाम कर रहे थे, तभी उन्हें चक्कर आया और वह जमीन पर गिर पड़े. एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ह्लउसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. '' उन्होंने कहा कि उनकी मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है. बता दें कि यह पहली घटना नहीं है, जब किसी व्यक्ति की जिम में एक्सरसाइज करते समय अचानक मौत हो गई हो.

कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश के लखनऊ में जिम में एक्सरसाइज करते समय डॉक्टर की तबीयत अचानक खराब हो गई थी और वही नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई. ये पूरी घटना जिम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी. वहीं, मध्य प्रदेश के इंदौर में भी एक होटल मालिक की जिम में वर्कआउट करते समय मौत हो गई थी. डॉक्टर्स के मुताबिक, होटल मालिक की मौत का कारण हार्ट अटैक था. पिछले दिनों देश के अलग-अलग राज्यों में कई ऐसी घटनाएं देखने को मिलीं हैं. डॉक्टर्स इन घटनाओं के पीछे लोगों के बिगड़े लाइफ स्टाइल को दोषी मानते हैं.

# विधानसभा उप चुनावों में नहीं होगा 'मयार्दा' का पालन!

## दोनों उप चुनाव में उम्मीदवार उतार सकती है एनसीपी



**मुंबईः** अंधेरी (पश्चिम) सीट से पिछले वर्ष उम्मीदवार हटाकर बीजेपी ने राजनीतिक 'मयार्दा' की जो नई लकीर खींचने की कोशिश की है, एनसीपी उसका पालन करने के मूड में नहीं दिख रही। वैसे भी, बीजेपी को इस दफा एक नहीं, दो-दो उप चुनावों पर अपनी सीटें बचानी हैं, वह भी एनसीपी दिग्गज शरद पवार के गढ़ रहे पुणे जिले में। साल बदलते-बदलते बीजेपी ने इसी जिले में दो विधायक खो दिए। कस्बा पेठ की विधायक मुक्ता तिलक की 26 दिसंबर को कैंसर से मौत हो गई। कुछ ही दिन बाद 2 जनवरी को चिंचवड सीट से बीजेपी के एक और विधायक लक्ष्मण जगताप की भी कैंसर से मृत्यु हुई। चुनाव आयोग ने दोनों सीटों के लिए चुनावी कार्यक्रम घोषित कर दिया है और यहां 27 फरवरी को मतदान है।

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी को आस है कि दिवंगत विधायक के परिजन के सामने उम्मीदवार न खड़ा करने की उसकी लीक काम आएगी। परिवार की वंशावली खंगाली जा रही है। वहीं, दोनों सीटों पर क्लेम रखने वाली एनसीपी इस बार मौका चूकना नहीं चाहती। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चार उप चुनाव हुए, चारों पर विपक्ष के विधायक रहे। तीन पर बीजेपी लड़ी, तब उसे रिश्तेदारी निभाना याद नहीं रहा। पंढरपुर की सीट तो दिवंगत विधायक के बेटे को हराकर झटक भी ली। उनका कहना है कि अंधेरी (पश्चिम) विधानसभा उप चुनाव में स्थिति खराब थी, इसलिए उम्मीदवार वापिस ले लिया। अब इसको 'मयार्दा' बताने का खेल इस बार काम नहीं आएगा।

**कौन लड़ेगा कस्बा पेठ?**


सूत्रों का कहना है कि मुक्ता के पति शैलेश, पुत्र कुणाल और पुत्री चैत्राली में से कोई राजनीतिक पारी के लिए तैयार नहीं है। पुणे की महापौर रहीं मुक्ता लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के परिवार से हैं, बीजेपी शायद इसी परिवार से दूसरा उम्मीदवार तलाशे। यहां से कई चुनाव लड़ने का अनुभव रखने वाले गिरीश बापट बुधवार को ही अस्पताल से डिस्चार्ज हुए हैं। शरद पवार अस्पताल में उनका हाल-चाल ले आए हैं। बापट के समर्थकों ने उनकी घर वापसी को सार्वजनिक जीवन में दोबारा लौटने का रंग दिया है। सवाल यह है कि क्या स्वास्थ्य चुनाव लड़ने की इजाजत देगा? चिंचवड सीट से तीन बार चुनाव जीत चुके लक्ष्मण जगताप का वारिस तलाशना आसान नहीं होगा। बताया जाता है कि उनके परिवार में तीनों लड़कियों की शादी हो चुकी है।

परिवार का कार्ड चला, तो बीजेपी उनके भाई शंकर जगताप पर दांव लगा सकती है। कभी वसंतदादा गुट के कट्टर कांग्रेसी रहे जगताप यहां से पहला चुनाव एनसीपी के टिकट पर जीते। आरोप लगे, टिकट कटा, तो जगताप अपने बाहुबल की बदौलत निर्दलीय जीते। फिर तीसरी बार बीजेपी के टिकट पर विधायक बने। इस बार एनसीपी नेता अजित पवार पुराना गढ़ बचाए बिना शायद न मानें।

**अब तक के विधानभा उप चुनाव**

कोल्हापुर उत्तर उप चुनावः कांग्रेस ने विधायक चंद्रकांत जाधव की पत्नी जयश्री को मैदान में उतारा। बीजेपी उम्मीदवार को शिवसेना-एनसीपी समर्थित जयश्री के सामने मात खानी पड़ी।

# मुंबई-गोवा हाईवे पर एक और हादसा, बस दुर्घटना में 4 की मौत, 23 घायल



**सिंधुदुर्ग :** मुंबई-गोवा हाईवे पर सुबह-सुबह पांच बजे कार और ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गए. इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है. इस घटना के साथ-साथ एक और दुर्घटना की खबर है. मुंबई-गोवा हाईवे पर एक निजी बस का एक्सीडेंट हो गया. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है. वहीं 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं. यह निजी बस मुंबई से गोवा जा रही थी. अनुसार हादसा गदनदी पुल के खतरनाक मोड़ पर चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण हुआ है. यह घटना आज सुबह चार बजे घटी है. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बस में 36 यात्री सवार थे. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बता दें कि इससे पहले आज मुंबई-गोवा हाईवे पर एक और सड़क दुर्घटना की खबर मिली थी. इस दुर्घटना में एक कार और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी. ट्रक और कार के बीच हुए भीषण हादसे में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

# मुंबई में फर्जी पुलिस बनकर कपल से ऐंठना चाहता था पैसा, ऐसे दबोचा गया आरोपी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुंबई में एक फर्जी पुलिस बनकर कपल से पैसे ऐंठने का मामला सामने आया है. मुंबई के मुलंड में एक आरोपी फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों से पैसा ऐंठता था. आरोपी पुलिस अधिकारी बनकर एक कपल से पैसे ऐंठने की कोशिश किया. मुंबई के मुलंड में एक गाड़ी रोड के किनारे खड़ी थी. गाड़ी में एक कपल साथ बैठे थे. इस बीच आरोपी फर्जी पुलिस अधिकारी बन कर गाड़ी के पास गया और तस्वीर खिंचने लगा. उसने कपल से पुछा खड़ी हुई गाड़ी में क्या कर रहे थे. आरोपी कपल को ठगने की कोशिश कर रहा था.

पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी पुलिस बनकर लोगों को ठगने का काम करता था. लेकिन आरोपी यहां फंस गया. कपल ने फर्जी पुलिस बने शख्स से अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा तो वह घबरा गया. उसके बाद आरोपी पुलिस अधिकारी को फोन करने का नाटक करने लगा था. उसने फर्जी कॉल किया और कपल पर आरोप लगाने लगा.




**आरोपी फर्जी कॉल से डराना चाहा कपल को**

उसने अपने से बड़े अधिकारी को कॉल करने का नाटक किया और कहा कि एक आदमी खड़ी गाड़ी में महिला का रेप कर रहा है. आरोपी कपल को डराने के लिए फर्जी कॉल किया था. उसने कपल को डराने के लिए कॉल पर बोल रहा था कि इनकों गिरफ्तार करना होगा और फाइन भी करना होगा. इस कॉल के बाद भी कपल नहीं डरे और उन लोगों ने पुलिस कंट्रोल को फोन किया और इस घटना की पूरी जानकारी दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर फर्जी पुलिस अधिकारी बने शख्स को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ किया तो उसने कबूल कर लिया कि वो एक फर्जी पुलिसकर्मी है. उसने कहा कि वह फर्जी पुलिस वाला बन कर ठगी कर रहा था. उसने कहा कि मैंने कपल को अकेला देख कर मौके का फायदा उठाना चाहा और इन से पैसें ऐंठने की कोशिश किया. बता दें कि आरोपी की पहचान नवनाथ मारुति शिंदे के रूप में हुई है.आरोपी को आईपीसी की धारा 506-170 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपने गुनाह को कबूल किया है. मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी पैसों के लिए ऐसा काम करता था. कपल ने बताया कि आरोपी उनको बहुत डराने की कोशिश किया.

# महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के बेटे फराज के खिलाफ मुंबई में मामला दर्ज



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता नवाब मलिक के बेटे फराज मलिक के खिलाफ मुंबई में ममला दर्ज हुआ है। बताया जा रहा है कि कुर्ला थाने में वीजा आवेदन के लिए दिए गए फर्जी दस्तावेजों के संबंध में यह मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि वीजा आवेदन के लिए फर्जी दस्तावेज दिया गया था। जिसकी जांच हुई तो पता चला। अब इस मामले में फराज मलिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नवाब मलिक के बेटे फराज मलिक की मुश्किलें कम होने का नाम की नहीं ले रहीं हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि वीजा आवेदन के लिए फराज मलिक ने दस्तावेज दिया था। वो फर्जी निकला। इसके बाद मुंबई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



# विकास के जरिए बीएमसी में शिवसेना को परास्त करने की तैयारी

## मुंबई में करोड़ों की परियोजनाओं का किया उद्घाटन...





**मुंबईः** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को मुंबई में करीब 38000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया। ये सारी परियोजनाएं आम मुंबईवासियों के जीवन को सीधे लाभ पहुंचाने वाली हैं। भाजपा इन्हीं परियोजनाओं के जरिए 25 साल से मुंबई महानगरपालिका पर शासन कर रही शिवसेना को इस बार परास्त करने की तैयारी कर रही है। मुंबई के लोगों को हर साल बरसात के दिनों में जलभराव का सामना करना पड़ता है। इसी जलभराव के कारण सड़कों पर गड्ढे पड़ जाते हैं, जिसके कारण वाहन धीरे चलाने पड़ते हैं। लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। इन गड्ढों को भरने के लिए हर साल करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। इसी प्रकार मुंबई की जीवनरेखा कही जानेवाली लोकल ट्रेनों और बेस्ट की बसों के अलावा लोगों के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं था। यह समस्या दूर करने के लिए ही 2014 में बनी फडणनीस सरकार ने मुंबई में मेट्रो रेल नेटवर्क तैयार करने की शुरूआत की थी। इस योजना का पहला नेटवर्क अब लोगों के उपयोग के लिए तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री के आज के कार्यक्रम में या तो मुंबईवासियों को उपरोक्त समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाली परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, या उद्घाटन किया गया है। हर साल बरसात के दिनों में खड़ी होने वाली समस्या गड्ढों की थी। इससे मुक्ति दिलाने के लिए ही शिंदे-फडणवीस सरकार ने मुंबई के अंदर ही अंदर 400 किमी. लंबी सड़कों के कंक्रीटीकरण की योजना बनाई है।इस पर 6000 करोड़ रुपयों का खर्च आने की संभावना है।


# मेडिकल कॉलेज में दाखिले के नाम पर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड, पांच गिरफ्तार



**ठाणे :** नवी मुंबई पुलिस ने मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के नाम पर छात्रों से 3.30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा करते हुए बताया कि इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों ने ठाणे जिले के नवी मुंबई के अलावा मुंबई, गुजरात और अन्य स्थानों के छात्रों के साथ भी धोखाधड़ी की थी। उन्होंने बताया कि पिछले पांच-सात साल से सक्रिय गिरोह के सदस्य प्री-मेडिकल, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कम अंक पाने वाले छात्रों से संपर्क करते थे और मोटी रकम के ऐवज में उन्हें मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की पेशकश करते थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपी मुंबई और नवी मुंबई के सात प्रमुख मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन में अपना प्रभाव होने का दावा कर पीड़ित छात्रों का विश्वास हासिल करते थे और उन्हें जाली प्रवेश पत्र उपलब्ध करवाकर उससे नकद या डिजिटल माध्यम से पैसे लेते थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपी उन वेबसाइटों से छात्रों का विवरण प्राप्त करते थे। जहां उन्होंने प्रवेश के लिए आवेदन किया था। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी अपना प्रभाव दिखाने के लिए छात्रों को मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) के कार्यालय ले जाते थे और फिर उन्हें फर्जी प्रवेश पत्र देते थे।

भारंबे ने कहा कि पुलिस को पहली शिकायत तब मिली जब आरोपियों ने छत्तीसगढ़ की एक छात्रा को नवी मुंबई के नेरुल इलाके में एक मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने का झांसा देकर उससे कथित तौर पर धोखाधड़ी की और उससे 33.5 लाख रुपये लिए। छात्रा को फर्जी प्रवेश पत्र दिया गया जिसके बाद नेरुल पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया। इस मामले को लेकर पुलिस ने विभिन्न खुफिया और तकनीकी सूचनाओं पर काम किया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सौरभ कृष्ण उपाध्याय (39), इफ्तेकार अहमद मुश्ताक अहमद उर्फ अभय सिंह उर्फ गौतम (31) (दोनों नोएडा से), लव अवधकिशोर गुप्ता (35) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मुंबई के आकिब नौशाद अहमद (28) और अभिजात राधेश्याम सिंह (41) दोनों गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने नवी मुंबई, मुंबई और महाराष्ट्र के भंडारा जिले में दर्ज धोखाधड़ी के मामलों का पता लगाने का दावा किया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश, झारखंड, नवी मुंबई, गुजरात, पालघर और मुंबई में विभिन्न स्थानों पर पहले भी मामले दर्ज किए गए थे।

## राखी सावंत को पुलिस ने हिरासत में लिया, थाने में पूछताछ जारी...



**मुंबई:** हाल ही में आदिल खान दुर्रानी से शादी रचाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री राखी सावंत एक बार फिर से मुसीबत में फंस गई हैं. मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड की 'ड्रामा क्वीन' अभिनेत्री राखी सावंत को हिरासत में ले लिया है और थाने में उनसे पूछताछ जारी है. राखी सावंत पर आरोप है कि उन्होंने कुछ समय पहले मॉडल शर्लिन चोपड़ा की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो को सकुर्लेट किया था. पुलिस के मुताबिक, अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा की शिकायत के बाद राखी सावंत को लगातार पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था, लेकिन वो नहीं आ रहीं थीं. इसके बाद आज पुलिस की एक टीम उनके घर गई और उन्हें डिटेन करके अंबोली पुलिस स्टेशन ले आई. फिलहाल, पुलिस स्टेशन में राखी सावंत से पूछताछ की जा रही है.

# आशीष देशमुख ने मल्लिकार्जुन खरगे को लिखी चिट्ठी...

## महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को हटाने की मांग की

**नागपुरः** कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक आशीष देशमुख ने महाराष्ट्र में पार्टी के अध्यक्ष नाना पटोले को हटाने की मांग की है। आशीष देशमुख अपनी मांग को लेकर इतने गंभीर हैं कि उन्होंने इस संबंध में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी भी लिख दी है। आशीष देशमुख के इस कदम से महाराष्ट्र कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिए पिछले कुछ साल अच्छे नहीं गए हैं और ताजा गुटबाजी आने वाले दिनों में उसे और भारी पड़ सकती है।

**'पार्टी की स्थिति बहुत खतरनाक है'**

खरगे को लिखी चिट्ठी में आशीष देशमुख महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष



नाना पटोले पर जमकर भड़के हैं। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि महाराष्ट्र में पार्टी की स्थिति 'खतरनाक' है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (MPCC) के संसदीय बोर्ड के सदस्य देशमुख ने पार्टी के युवा नेता सत्यजीत तांबे के विद्रोह के लिए पटोले को जिम्मेदार ठहराया है। युवा नेता ने 30 जनवरी को विधानमंडल परिषद के द्विवार्षिक चुनाव के लिए नासिक डिवीजन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है।

**युवा नेताओं में गिने जाते हैं देशमुख**

खरगे को मंगलवार को लिखे पत्र में पूर्व विधायक ने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस की स्थिति 'चिंताजनक' है और राज्य इकाई के अध्यक्ष को बदलने की जरूरत है। बता दें कि आशीष देशमुख महाराष्ट्र कांग्रेस के युवा नेताओं में गिने जाते हैं और उनके पिता रंजीत देशमुख सूबे में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सरकार में मंत्री रह चुके हैं। बीजेपी से कांग्रेस में आए देशमुख ने 2019 के विधानसभा चुनावों में तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ ताल ठोंकी थी और 31 फीसदी से ज्यादा वोट बटोरे थे।

# नवी मुंबई में आग लगने से बस खाक, कोई हताहत नहीं



**ठाणे :** नवी मुंबई नगर निकाय द्वारा संचालित एक बस में अचानक आग लग गई लेकिन उसमें सवार सभी 20 यात्री बाल-बाल बचे। बस ठाणे जिले से कल्याण जारी रही थी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, घटना नवी मुंबई में खोनी-तलोजा रोड पर स्थित नागजारी बस स्टॉप पर सुबह नौ बज कर करीब 55 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गई है।

नवी मुंबई नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी योगेश कडुस्कर ने बताया, ''जब बस में आग लगी तब यह नवी मुंबई से कल्याण की ओर जा रही थी। बस के चालक ने इसे देखा और तत्काल बस रोकी एवं खतरे का अलार्म बजाया। सभी 20 यात्री तुरंत बाहर निकल गए और बाल-बाल बच गए।'' उन्होंने बताया कि ''सूचना मिलने के बाद एनएमएमसी के दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।'' कडुस्कर ने कहा, ''आग में बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।'' उन्होंने बताया कि इस घटना के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लग गया था। उनके अनुसार, आशंका है कि बस में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com